Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to shift a Multi National Company in Gajraula, Uttar Pradesh posing a threat to health of the people -laid.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): मेरे संसदीय क्षेत्र के गजरौला में स्थित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी तेवा एपीआई लिमिटेड में 8 जून, 2020 की रात में फैक्ट्री के आसपास अचानक धुंध छा गया । लोगों को साँस लेने में भी दिक्कत होने लगी । इस तरह की दुर्घटना यहाँ आये दिन घटती रहती है, जिसके कारण यह क्षेत्र गैस चैम्बर बना हुआ है । यहाँ के लोग जहरीली गैस युक्त साँस लेने को मजबूर हैं । स्थानीय प्रशासन व राज्य सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है । यहाँ तक कि जब यह दुर्घटना घटी थी, कंपनी के खिलाफ लचर रवैया अपनाया गया एवं कंपनी ने सरकारी अधिकारियों के साथ मिल कर इस मामले को रफा दफा करा दिया । दोषियों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है । मेरी सरकार से माँग है कि जनता की जान एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस कंपनी को आबादी वाले क्षेत्र से दूर स्थानांतरण कराने की कृपा करें ।